खण्ड - 12 संख्या - 13/14/15

सत्यमेव जयते

# एकादश

# बिहार विधान-सभा वादवृत्त

## भाग- 1

# कार्यवाही प्रश्नोत्तर

मंगलवार, तिथि 14 जुलाई, 1998 ई0

बुधवार, तिथि 15 जुलाई, 1998 ई0

वृहस्पतिवार, तिथि 16 जुलाई, 1998 ई0

यह बतलाने कि कृपा करेंगे कि-

(1) क्या यह बात सही है कि बर्कस कॉलेज, जमशेदपुर का भवन अर्थाभाव एवं समुचित रख-रखाव के अभाव में जर्जर हो गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त कॉलेज में छात्राओं के लिए कॉमन कक्ष एवं शौचालय की व्यवस्था भी नहीं है, जिससे छात्राओं को भारी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार वर्णित कॉलेज के भवन की मरम्मती तथा छात्राओं के लिए कॉमन कक्ष एवं शौचालय की व्यवस्था कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

### प्राधानाध्यापक का स्थानान्तरण

१३३२. श्री सुनील कुमार "पुष्पम"- क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि - क्या यह बात सही है कि राजेन्द्र चौधरी, प्रधानाध्यापक के० जी० एकेडमी सिंधिया, जिला समस्तीपुर में विगत दस वर्षों से इसी विद्यालय में पदस्थापति है, यदि हां, तो सरकार कबतक उक्त प्राधानाध्यापक को अन्यत्र स्थानान्तरित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

### विद्यालय का जीर्णोधार

१३३३. श्री संजय कुमार - क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(1) क्या यह बात सही है कि शेखपुरा जिलान्तर्गत बरवीघा प्रखंड के ग्राम-काशी बीघा स्थित प्राथमिक विद्यालय की हालत जर्जर है तथा इसके जीर्णोधार के लिए प्रखंड स्तर से प्रस्ताव जिला स्तर में वर्ष 1996 में ही दिया गया था, परन्तु आज तक उक्त विद्यालय का जीर्णधार नहीं हुआ है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार कबतंक प्राथमिक विद्यालय काशी विधा का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है ?

## छात्रावास में सुधार

१३३४. श्री वेणी प्रसाद गुप्ता - क्या मंत्री, कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(1) क्या यह बात सही है कि पाकुड़ के० के० एम० कालेज में आदिवासी छात्रावास में उपस्कर एवं बिजली की कमी है;

(2) क्या यह बात सही है कि एक- एकं कमरे में जरूरत से बहुत अधिक छात्रों को रहना पड़ता है, जिससे शैक्षणिक व्यवस्था अस्तं व्यस्त;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार छात्रावास में आवश्यक सुधार के लिए कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

## श्री सिंह देव का स्थानान्तरण

१३३५. श्री लक्ष्मण गिलुवा - क्या मंत्री, कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(1) क्या यह बात सही है कि सरकारी नियमानुसार अधिकारी कर्मचारी का स्थानान्तरण तीन वर्ष बाद देय हो जाता है;

(2) क्या यह बात सही है कि श्री अजीत कुमार सिंह देव, सुपरवाईजर, बेंदगांव प्रखंड(पश्चिमी सिंहभूम) में विगत 1986 ई० से ही लगातार पदस्थापित है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार श्री सिंह देव का अन्यत्र प्रमण्डल में स्थानान्तरण करना चाहती है, यदि हॉ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?